सब झूमो नाचो वो आने वाला है

हम बाराती बाबा दूल्हा बन ने वाला है,
पगड़ी बांघ रहा है नीले चढ़ने वाला है,
सब झूमो नाचो वो आने वाला है,
पगड़ी बांघ रहा है नीले चढ़ने वाला है,

हमारी किस्मत तो देखो मेरे सरकार आएंगे,
गुजारा हो रहा जिनसे वही दातार आएंगे,
हम फरयादी वो दरबार लगाने वाला है,
पगड़ी बांघ रहा है नीले चढ़ने वाला है,

मिलेगा सारे भगतो को खजाना साथ लाये गा,
कोई न खाली जाएगा सभी के हाथ आएगा,
जमा किया है जो भी आज लुटाने वाला है,
पगड़ी बांघ रहा है नीले चढ़ने वाला है,

पहुंचने वाला है भगतो करो कीर्तन जरा जम के,
जरा स्वागत में बनवारी दिखाओ नच नच के,
जमा नहीं जैसा रंग जमने वाला है,
भक्तो के संग श्याम धनि खुद नाचने वाला है,
पगड़ी बांघ रहा है नीले चढ़ने वाला है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13297/title/sab-jhumo-nacho-vo-aane-vala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |